तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 21 अक्टूबर 2026

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

10 मां गंगा मैया मंदिर में 973 कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर ...



08 बीएसपी में मेन पावर कम होने से कर्मचारियों की बढ़ी ...



खबर संक्षेप

गुण्डरदेही में डाक चौपाल एवं जनसंवाद शिविर का आयोजन

गुण्डरदेही। भारतीय डाक विभाग, भारत सरकार के तत्वावधान में 20 अक्टूबर को गुण्डरदेही उप डाकघर के अंतर्गत डाक चौपाल एवं जनसंवाद शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को डाक विभाग की विभिन्न बचत योजनाओं, बीमा सेवाओं तथा अन्य जनकल्याणकारी सुविधाओं की जानकारी प्रदान करना और उनकी समस्याओं का निराकरण करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कोमल सोनकर, पार्षद शैल महोबिया, एल्डरमैन गोकुल निषाद, प्रबंधक गुप्ता सहित डाक विभाग के अधिकारी–कर्मचारी एवं आसपास के क्षेत्रें से आए डाक विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिविर के दौरान नागरिकों को डाकघर की विभिन्न बचत योजनाओं, सुकन्या समृद्धि खाता, जैसे बचत खाता, आवर्ती जमा (आरडी), टाइम डिपॉजिट, मासिक आय योजना, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ), किसान विकास पत्र एवं राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा की विशेषताओं और लाभों से भी अवगत कराया गया। डाक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सुरक्षित बचत, नियमित निवेश तथा भविष्य की आर्थिक सुरक्षा के महत्व के बारे में बताया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रें में डाक सेवाओं की पहुंच बढ़ाने, योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाने तथा आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान पर जोर दिया गया।

पर्व : वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शस्त्रों पर तिलक लगाकर अर्पित किए पुष्प

पुलिस लाइन में विजयादशमी पर हुआ शस्त्र पूजन एसपी किरण चव्हाण की मौजूदगी में हुआ हर्ष फायर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

विजया दशमी के अवसर पर पुलिस लाइन बालोद में शस्त्र पूजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बालोद किरण गंगाराम चव्हाण के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विधि–विधान से शस्त्रगार में रखे शस्त्रों एवं शासकीय वाहनों का पूजन किया गया।

मंत्रेच्चार एवं हवन के साथ पारंपरिक रीति–रिवाजों का पालन करते हुए सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की गई। विजयादशमी के अवसर पर शस्त्र पूजन भारतीय परंपरा में शक्ति, साहस एवं कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। इस अवसर पर पुलिस बल द्वारा शस्त्रों का विधिवत पूजन कर जनसेवा, सुरक्षा एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने के अपने संकल्प को दोहराया शस्त्रों एवं शासकीय वाहनों के पूजन के पश्चात राजपत्रित अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों द्वारा हर्ष फायर किया गया। यह आयोजन पुलिस बल की परंपरा, साहस एवं कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक के रूप में संपन्न हुआ।

विजयादशमी की परंपरा का पालन करते हुए बालोद जिले के समस्त थाना, चौकियों एवं शस्त्रगारों में भी शस्त्रों की साफ–सफाई एवं विधिवत पूजा–अर्चना की गई। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ इस परंपरा में सहभागिता की।

शस्त्र पूजन कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चन्द्रकांत गवर्ना, एसडीओपी बोनिफास एक्का, एसडीओपी विनय कुमार, एसडीओपी श्रुति सिंह एवं रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा सहित पुलिस लाइन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण ने सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए पर्व को आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। साथ ही पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता के साथ जनसेवा और कानून–व्यवस्था बनाए रखने हेतु सदैव तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया।

डौंडी थाने में विधि-विधान से हुई शस्त्र पूजा



डौंडी। विजयादशमी के पावन पर्व पर डोंडी थाने में परंपरागत शस्त्र पूजा का आयोजन भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। थाना प्रभारी उमा ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पंडित सुरेन्द्र मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से शस्त्र पूजा संपन्न कराई। इस दौरान थाने के समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। शस्त्र पूजा के दौरान पुलिस के शस्त्रों को साफ कर उन पर रोली-चंदन का तिलक लगाया गया। इसके बाद पुष्प अर्पित कर धूप-दीप जलाए गए और विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पंडित सुरेन्द्र मिश्रा ने विजयादशमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह पर्व हमें सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। थाना प्रभारी उमा ठाकुर ने कहा कि पुलिस विभाग में हर वर्ष दशहरा के अवसर पर शस्त्र पूजा की परंपरा निभाई जाती है। इससे पुलिस कर्मियों में कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनसुरक्षा के प्रति संकल्प की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आम जनता की सेवा के लिए सदैव तत्पर है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस कर्मियों ने अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा जनता की सुरक्षा एवं सेवा के लिए प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लिया। धार्मिक आस्था और कर्तव्यबोध के संगम के रूप में आयोजित शस्त्र पूजा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

सट्टा-पट्टी लिखते 3 आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

राजहरा पुलिस द्वारा सटोरियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए सट्टा–पट्टी लिखते 03 आरोपी गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया। आरोपियों के कब्जे से सट्टा–पट्टी एवं कुल 8,800 नगद रकम जप्त कर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 2022 की धारा 6 के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 अक्टूबर को राजहरा पुलिस द्वारा वार्ड क्रमांक 20, गांधी चौक, राजहरा में रेड कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान सट्टा–पट्टी लिखने में संलिप्त पाए गए तीन आरोपियों के कब्जे से सट्टा–पट्टी एवं कुल 8,800 नगद रकम जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम, 2022 की धारा 6 के तहत वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर विधिवत कारवाही की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में मुच्चर, थाना गोटाटोला, जिला मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी निवासी झगरू राम, पिता दुलारे सिंह 45 वर्ष के कब्जे से सट्टा–पट्टी एवं 200 नगद जप्त किया गया। वार्ड क्रमांक 20 राजहरा थाना राजहरा निवासी गोपाल दास साहू, पिता स्वर्गीय



सोनकरदास साहू 65 वर्ष के कब्जे से सट्टा–पट्टी एवं 5,400 नगद जप्त किया गया। वार्ड क्रमांक 20 राजहरा थाना राजहरा निवासी रोहन पाण्डेय, पिता जितेन्द्र पाण्डेय 19 वर्ष के कब्जे से सट्टा–पट्टी एवं 3,200 नगद जप्त किया गया। बालोद पुलिस द्वारा जिले में अवैध जुआ–सट्टा, अवैध शराब बिक्री, गांजा एवं नशीली दवाओं के कारोबार जैसी गैरकानूनी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे जुआ–सट्टा, अवैध शराब बिक्री, गांजा एवं नशीली दवाओं के अवैध कारोबार जैसी गतिविधियों से दूर रहें।

इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई की जा सकती है। आम नागरिकों से अनुरोध है कि अपने आसपास होने वाली किसी भी संदिग्ध अथवा अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें तथा अपराधों की रोकथाम में पुलिस का सहयोग करें।

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी & inh 24x7 बढ़ते भारत की आवाज Presents



डॉ. हिमांशु द्विवेदी
(प्रधान संपादक)
हरिभूमि, आईएनएच



श्रीमती संगीता सिन्हा
विधायक बालोद



अनिला भेड़िया
विधायक डौंडीलोहारा



श्री कुंवर सिंह निषाद
विधायक गुंडरदेही



मा. विजय शर्मा
उपमुख्यमंत्री



मा. भोजराज नाग
सांसद, कांकेर

जिला संवाद 2026

जिला संवाद 2026 बालोद

छत्तीसगढ़ सरकार के ढाई वर्ष

पूर्ण होने पर जिले के विकास में कारगर हो रही योजनाओं, विकास कार्यो एवं समस्याओं पर विस्तार से चर्चा एवं मंथन एक मंच पर

कार्यक्रम – 23 अक्टूबर 2026, दिन शुक्रवार, समय – दोपहर 4.30 बजे
माहेश्वरी भवन गंजपारा,बालोद (छ.ग.)

जिला संवाद 2026



इस महत्वपूर्ण अवसर पर आपकी गरिमामयी उपस्थिति बालोद के विकास को सुनिश्चित करेगी

MP TATA PLAY 1155 | airtel 366 | hathway 229 | DEN 350 | ACN 172 | DISHANA 367 | SITI 359 | RCN 236 | RAJA CABLE 253 | ACN 227 | inh 24x7 | जनता TV
CG TATA PLAY 1155 | airtel 366 | hathway 222 | DG 367 | 347 | Grand NEWS 345 | SITI 314 | BCC 326 | NST 1150 | VANDE MATRAM NETWORK 225 | 478 | NEXT DIGITAL 812 | JioTV 1163

खबर संक्षेप

कार्मिक कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित



भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) में शिरोमणि पुरस्कार कार्यक्रम हुआ। उत्कृष्ट कार्य के निष्पादन के लिए सात कार्मिकों को किशोर सिंह (जेई), संतोष वर्मा (जेई), श्री राजेश कुमार पंडितबसंत कुमार मांझी सौमेन चक्रवर्ती टाटीकोंडा श्रीकर (ईए) तथा हेमंत कुमार खुटेले को सम्मानित किया गया मुख्य महाप्रबंधक शिशिर शुक्ला ने कार्मिकों को उपहार, प्रशस्ति पत्र, मिठाई कूपन एवं उनके जीवनसाथियों को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।
महाप्रबंधकगण डी.एन. बेहरा, एस.के. ओसवाल, इलियास अहमद, रणबीर पाल, पंकज कुरील, अजय कुमार व बी.एन. मुखर्जी आदि अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक इतवारी राम चेलक ने किया तथा अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी बहोरन लाल साहू ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

नवमीं पर विधायक रिकेश ने की 101 कन्याओं की पूजा, भेंट किए सुरक्षा किट

भिलाई। नवरात्रि की नवमी के पावन अवसर पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने लोकांगन परिसर में मां नवदुर्गा के नौ स्वरूपों के सानिध्य में सपत्नीक 101 नवजात कन्याओं का पूजन किया। इस दौरान परिसर में उपस्थित सैकड़ों कन्याओं को भोजन कराया गया। पूजन के पश्चात सभी 101 नवजात कन्याओं की माताओं को 11-11 हजार रुपये मूल्य की मां शिशु सुरक्षा किट भेंट की गई। किट में नवजात शिशु और उसकी माता के लिए कपड़े, कंबल, बेबी किट सहित अनेक आवश्यक सामग्री शामिल है। विधायक की इस पहल ने कन्या पूजन की परंपरा को बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और बेहतर भविष्य की जिम्मेदारी से जोड़ने का संदेश दिया। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में 1 मई 2026 से जन्म लेने वाली प्रत्येक कन्या को मां शिशु सुरक्षा किट प्रदान की जा रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों के 9568 श्रमिकों को मिला रोजगार, 48.76 करोड़ का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

गांवों में रोजगार के साथ विकास की रफ्तार भी तेज हो रही है। विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण यानी जी-राम-जी के तहत दुर्ग जिले में मजदूरों को काम देने के साथ गांवों में टिकाऊ परिसंपत्तियां तैयार करने पर जोर दिया जा रहा है। योजना के तहत अब तक 4,875.73 लाख रुपये यानी करीब 48.76 करोड़ रुपये की मजदूरी का भुगतान किया जा चुका है। जिले के दुर्ग, धमधा और पाटन जनपद पंचायतों में वर्तमान में कुल 9,568 श्रमिक कार्यरत हैं। इनमें धमधा में 4,365, दुर्ग में 3,346 और पाटन में 1,857 श्रमिक शामिल हैं। योजना के तहत पात्र ग्रामीण परिवारों को एक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों तक रोजगार की गारंटी देने का प्रावधान है। ग्रामीण ग्राम पंचायत के माध्यम से काम की मांग कर सकते हैं। मांग के 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध कराने की व्यवस्था है।

एनएए से सीधे खातों में पहुंच रही मजदूरी

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि मजदूरी भुगतान को पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए सिंगल नोडल अकाउंट के माध्यम से प्रत्यक्ष लाभ अंतरण द्वारा राशि श्रमिकों के बैंक अथवा डाकघर खातों में भेजी जा रही है। स्वीकृत कार्यों और भुगतान की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि श्रमिकों को समय पर मजदूरी का लाभ मिल सके। जनपदवार भुगतान में पाटन में 1,782.01 लाख रुपये, दुर्ग में 1,602.23 लाख रुपये और धमधा में 1,400.40 लाख रुपये की मजदूरी का भुगतान किया गया है।

विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन के तहत उपलब्ध कराया जा रहा रोजगार



तालाब, डबरी से लेकर स्कूलों तक कराया जा रहा परिसंपत्तियों का निर्माण

योजना के तहत तालाब, डबरी और जल निकासी जैसे कार्यों से वर्षा जल संचयन, भूजल संवर्धन और कृषि गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, स्कूल, आंगनबाड़ी और शौचालय निर्माण से ग्रामीण अधोसंरचना मजबूत होगी। इन कार्यों से एक ओर ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा, वहीं दूसरी ओर गांवों में लंबे समय तक उपयोगी परिसंपत्तियां तैयार होंगी। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में स्वीकृत कार्यों की नियमित समीक्षा और गुणवत्ता की निगरानी की जा रही है। जिला पंचायत का लक्ष्य रोजगार सृजन के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देना और ग्रामीणों को टिकाऊ परिसंपत्तियों का लाभ उपलब्ध कराना है।

भिलाई इस्पात मजदूर संघ ने मुख्य महाप्रबंधक से की चर्चा

बीएसपी में मेन पावर कम होने से कर्मचारियों की बढ़ी मुश्किलें, शुरू नहीं हुई मोटिवेशन स्कीम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में कर्मचारियों के तेजी से रिटायर होने और भर्ती नहीं होने से कार्यरत कर्मियों पर काम का दबाव बढ़ रहा है। इसके अलावा कई तरह की समस्याओं से भी कर्मियों को दिक्कते हो रही हैं। इसे देखते हुए भिलाई इस्पात मजदूर संघ ने प्रबंधन से मेन पावर बढ़ाने सहित लंबित समस्याओं के जल्द निदान की मांग की है।

बीएमएस के प्रतिनिधिमंडल की मुख्य महाप्रबंधक ब्लास्ट फर्नेस विवेक वर्मा के साथ हुई बैठक में यूनियन ने कर्मचारियों को 1 साल में दो बार सेफ्टी शू देने ,ब्लास्ट फर्नेस 6 के सामने की कैंटीन को रिनोवेट कर मुख्य कैंटीन के रूप में सुविधाएं बढ़ाने, ब्लास्ट फर्नेस 7 मे 24 घंटे लिफ्ट ऑपरेटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही हाईलाइन एरिया में महिलाओं के लिए रेस्ट रूम बनाने, चार्जिंग एरिया में ठेका कंपनी के कर्मचारी एवं बीएसपी कर्मचारियों के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने ,नान फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम शुरू करने एवं रेगुलर मैनपॉवर बढ़ाने की मांग की गई

बीएमएस के अध्यक्ष प्रदीप कुमार पाल ने कहा कि पहले बीएसपी कर्मचारियों को 1 वर्ष में दो बार अच्छी क्वालिटी का सेफ्टी शू दिया जाता था,लेकिन पिछले कुछ वर्षों में कॉस्ट कंट्रोल का बहाना कर एक साल में सिर्फ एक बार सेफ्टी शूज दिया जा रहा है । सेफ्टी अप्लायंसेज में कॉस्ट कंट्रोल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा कर्मचारियों को 1 वर्ष में दो बार सेफ्टी शू दिया जाए । साथ ही ब्लास्ट फर्नेस 1,2,3 बंद हो गया है अभी ब्लास्ट फर्नेस 4,6 एवं 7 चालू है 1 ज्यादातर कर्मचारी इसी एरिया में काम करते है जिन्हें नाश्ता एवं भोजन के लिए मुख्य बिल्डिंग की तरफ आना पड़ता है । मुख्य बिल्डिंग का कैंटीन सेकंड फ्लोर में होने के कारण कर्मचारी वहां जाने से कतराते है 1 इन सब समस्याओं को देखते हुए ब्लास्ट फर्न 6 के सामने की बिल्डिंग नंबर 8 की कैंटीन को रिनोवेट कर वहाँ मुख्य कैंटीन के रूप में सुविधाए उपलब्ध हो।

तेजी से रिटायर होने और भर्ती नहीं होने से परेशानी बढ़ी



स्टॉक हाउस एवं हाई लाइन एरिया में डस्ट

उपाध्यक्ष घनश्याम पांडेय ने ब्लास्ट फर्नेस 4 व6 के स्टाक हाउस एरिया एवं हाइलाइन एरिया में अत्यधिक डस्ट होने के स के कारण कर्मचारियों को हो रही परेशानी के साथ दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। अनिल राय ने ब्लास्ट फर्नेस 7 की लिफ्ट में तीनों शिफ्ट में ऑपरेटर उपलब्ध कराने की मांग की । उन्होंने ब्लास्ट फर्नेस स्टोव कोल ब्लास्ट एरिया में अत्यधिक आवाज होने के कारण वहां काम करने वाले कर्मचारियों को हो रही परेशानियों को मुद्दा उठाते हुए इस समस्या को दूर करने की मांग की । बैठक मेंअरविंद प्रताप सिंह सुधीर गडेवाल संयुक्त महामंत्री संजय साकुरे एस रवि अनिल गजभिए सचिव नाजीर हुसैन खान अनिल राय सुरेश साहू एवं भागचंद वर्मा उपस्थित थे।

श्रमिकों को मिले पूरा वेतन एवं दीपावली से पहले बोनस

बैठक में यूनियन नेताओं ने ब्लास्ट फर्नेस में काम करने वाले वाले ठेका श्रमिकों को दीपावली से पहले बोनस दिलाने एवं उन्हें पूरा वेतन मिलना सुनिश्चित करने की मांग की । बैठक में ठेका श्रमिकों को पेमेंट स्लिप दिए जाने की भी मांग की गई। यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष वंश बहादुर सिंह ने ब्लास्ट फर्नेस प्रबंधन द्वारा इस वर्ष सबसे पहले नान फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम की राशि को प्राप्त कर कर्मचारियों को गिफ्ट दिए जाने की सराहना की। उन्होंने कहा कि सेल प्रबंधन ने 1 0हजार करोड़ के प्रॉफिट का लक्ष्य रखा है यह लक्ष्य हम तभी हासिल कर सकते हैं जब कर्मचारियों का मनोबल ऊंचा रहेगा कर्मचारियों के मनोबल को ऊंचा बनाए रखने के लिए नान फाइनेंशियल स्कीम को लगातार जारी रखा जाए ।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से पुलिसिंग होगी बेहतर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सेक्टर 6 स्थित पुलिस कंट्रोल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को लेकर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। आधुनिक तकनीक के माध्यम से शासकीय दस्तावेज तैयार, मीडिया सामग्री को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत, गोपनीयता की जानकारी के बारे में ट्रेनिंग दी गई। पुलिसकर्मियों को आधुनिक तकनीक से परिचित कराने तथा दैनिक कार्यालयीन कार्यों को सरल, समयबद्ध, प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यह पहल की गई। पुलिस कंट्रोल रूम, सेक्टर 6, भिलाई में दुर्ग जिले के विभिन्न थानों एवं पुलिस कार्यालयों में पदस्थ रीडर्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यावहारिक उपयोग का ट्रेनिंग दिया गया। एएसपी ग्रामीण ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न उपयोगों की जानकारी देते हुए बताया कि इन तकनीकों का उचित उपयोग कार्यालयीन कार्यों को कम समय में व्यवस्थित ढंग से पूरा करने में सहायक हो सकता है। रेंज साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन के उप निरीक्षक ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की कार्यप्रणाली, प्रभावी उपयोग को उदाहरणों के माध्यम से समझाया।

- पुलिसकर्मियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने का पहल

उन्होंने बताया कि स्पष्ट सटीक निर्देश देकर आधारित उपकरणों की सहायता से शासकीय पत्र, प्रतिवेदन, बैठक की कार्रवाई अन्य का य ि ल यी न दस्तावेजों के प्रारूप तैयार किए जा सकते हैं। इसके अलावा लंबे आदेशों एवं दस्तावेजों का सारांश तैयार करने में भी इसका उपयोग किया जा सकता है। प्रशिक्षण में मीडिया एवं सोशल मीडिया के लिए फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, वीडियो बाइट रिकॉर्ड करने, सामग्री प्रकाशित करने से पहले तथ्यों, कैप्शन, विवरण की जांच करने को लेकर जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को समझाया गया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बेहतर परिणाम मिल सकते है। इस दौरान एएसपी ग्रामीण मणीशंकर चंद्रा समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

पोटियाकला में रावण दहन आज

दुर्ग। पोटियाकला वार्ड नं.-54 दुर्ग में गोविन्द नवयुवक समिति पोटियाकला एवं समस्त वार्डवासियों के सहयोग से दशहरा महोत्सव 60 वां वर्ष का भव्य पारम्परिक आयोजन 21 अक्टूबर बुधवार को दशहरा मैदान में किया जा रहा है। जिसमें समिति के दिनेश रितिक प्रमुख द्वारा रामलीला की प्रस्तुति देते हुए अंगद-रावण संवाद, राम-रावण संग्राम एवं रावण पुतला दहन के साथ आकर्षक आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जावेगा। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव होंगे। शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव, महापौर अलका बाघमार आदि मौजूद रहेंगे।

संस्कृत के संरक्षण, संवर्धन और विस्तार के लिए आर्थिक सहयोग बढ़ाने हो प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

प्राच्य संस्कृत विद्यालय संघ छत्तीसगढ़ ने प्रदेश में संस्कृत भाषा, संस्कृत शिक्षा और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए राज्य सरकार से पर्याप्त आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराने की मांग की है। संघ ने सं स् कृ त विद्या लयों की शै क्ष णि क व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, शिक्षकों को सम्मानजनक आर्थिक सहयोग देने, महाविद्यालयों में संस्कृत विषय प्रारंभ करने तथा संस्कृत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए 10 सूत्रीय सुझाव प्रस्तुत किए हैं।

- प्राच्य संस्कृत विद्यालय संघ छग ने सरकार के समक्ष रखीं 10 सूत्रीय मांगें

संघ ने कहा कि संस्कृत भाषा भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा, संस्कृति और साहित्य की महत्वपूर्ण धरोहर है। वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत और पुराणों सहित ज्ञान, विज्ञान, साहित्य एवं कला से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथों की रचना संस्कृत में हुई है। भारतीय संस्कृति की मूल भावना और प्राचीन जीवन



मूल्यों को समझने में संस्कृत की महत्वपूर्ण भूमिका है। देश की एकता और अखंडता को सुदृढ़ करने में भी यह भाषा महत्वपूर्ण योगदान देती है। संघ ने शिक्षकों को आर्थिक सहयोग गैर-अनुदान प्राप्त संस्कृत विद्यालयों में अध्यापन करने वाले शिक्षकों को सम्मानजनक आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराने, संस्कृत पाठशालाओं को स्थानीय परिस्थितियों और आवश्यकताओं के अनुरूप गुरुकुल के रूप में विकसित करने, प्रचार-प्रसार के लिए प्रभावी और व्यापक व्यवस्था करने महाविद्यालयों में संस्कृत विषयःराज्य के महाविद्यालयों में संस्कृत विषय प्रारंभ करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने सहित अन्य मांगें की।

नवरात्रि में गरबा महोत्सव की धूम, युवा से लेकर बुजुर्ग तक थिरके, आकर्षक उपहार पाकर खिले चेहरे

भिलाई। गुजराती गीतों की गूंज, डांडिया की खनक, पारंपरिक परिधानों की रंग-बिरंगी छटा और गरबा की ताल पर थिरकते कदम। कुछ ऐसे ही उत्साहपूर्ण माहौल के बीच हरिभूमि, आईएनएच एवं सर्व शक्ति सेवा समिति का नौ दिवसीय दिलबर डांडिया महोत्सव नवमी के अवसर पर अपने समापन की ओर बढ़ा। सिविक सेंटर स्थित वेल्डेक्स ग्राउंड में आयोजित इस महोत्सव में ट्विनसिटी के लोगों की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ी।

बच्चों से लेकर युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों तक सभी ने गरबा-डांडिया में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। पारंपरिक गुजराती नृत्य, आकर्षक वेशभूषा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे परिसर को उत्सव के रंग में रंग दिया। वहीं, प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार दिए जाने से आयोजन का रोमांच और बढ़ गया। कार्यक्रम में विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष



प्रेमप्रकाश पांडेय और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पार्षद वीणा चंद्राकर, रिसाली पार्षद धर्मेंद्र भगत, पिंकी सिन्हा, समाजसेवी प्रशांत पांडेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया और आयोजन की सांस्कृतिक गतिविधियों का आनंद लिया। नौ दिनों तक चले इस महोत्सव में हर दिन बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रही। निःशुल्क प्रवेश की सुविधा ने बच्चों, युवाओं और परिवारों को एक साथ उत्सव में शामिल होने का अवसर दिया। महोत्सव के अंतिम पांच दिनों में प्रतिभागियों के लिए विशेष उपहार रखे गए थे। उपहार वितरण के दौरान लोगों में खास उत्साह देखने मिला। साइकिल सहित अन्य आकर्षक पुरस्कार पाकर प्रतिभागियों के चेहरे खिल उठे। गरबा-डांडिया की मस्ती, सांस्कृतिक छटा और उपहारों के रोमांच ने आयोजन को यादगार बनाया। पिछले 12 वर्षों से ट्विनसिटी की नवरात्रि का खास आकर्षण रहे डांडिया महोत्सव ने एक बार फिर लोगों को परंपरा, उमंग और आपसी मेल-मिलाप के रंग में रंग दिया।

महापौर ने कन्या पूजन के साथ कराया भोज, लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



शारदीय नवरात्रि की महाअष्टमी के पावन अवसर पर नगर पालिक निगम, दुर्ग परिसर स्थित मां दुर्गा मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना, हवन, कन्या पूजन, कन्या भोज एवं महाभंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने मां दुर्गा के स्वरूप कन्याओं की आरती उतारकर विधिवत पूजन किया तथा उन्हें स्नेहपूर्वक भोजन परोसकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर धार्मिक आयोजन में सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम की शुरुआत विशेष पूजा-अर्चना एवं हवन के साथ हुई। महापौर सहित जनप्रतिनिधियों एवं निगम के अधिकारी-कर्मचारियों ने हवन में आहुति अर्पित कर शहरवासियों के सुख, शांति, खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। महापौर अलका बाघमार ने महाअष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवरात्रि का पर्व शक्ति, श्रद्धा, भक्ति और सेवा का प्रतीक है। उन्होंने माता रानी से शहरवासियों के जीवन में सुख, शांति, स्वास्थ्य एवं समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य लीना दिनेश देवांगन, नीलेश अग्रवाल, शशि साहू, हर्षिका संभव जैन, रंजीता पाटिल, युवराज कुंजम, मनोज सोनी, जितेंद्र ताम्रकर, दुर्गेश गुप्ता, लता यादव, हेमलता वर्मा, साक्षी चौहान, रानी साहू, दामिनी भुवाल सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कैंपस मध्यस्थता प्रतियोगिता में 100 से अधिक युवाओं ने लिया हिस्सा

संवाद, सहमति और न्याय तक पहुंच के महत्व पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

विवादों का समाधान हमेशा टकराव से नहीं, बल्कि संवाद, आपसी समझ और सहमति से भी संभव है। इसी विचार को युवा पीढ़ी तक पहुँचाने तथा मध्यस्थता को व्यावहारिक रूप से समझने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मध्यस्थता 3.0 के अंतर्गत कैंपस मध्यस्थता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस पहल ने विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर दिया कि मध्यस्थता किस प्रकार विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान का प्रभावी माध्यम बन सकती है।

- विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

प्रतियोगिता में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया, जो युवाओं के बीच मध्यस्थता एवं वैकल्पिक विवाद समाधान के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाता है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के. विनोद कुजूर के मार्गदर्शन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, दुर्ग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग द्वारा हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग एवं शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय (साइंस कॉलेज), दुर्ग के मनोविज्ञान विभाग के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए मध्यस्थता 3.0 कैंपस मध्यस्थता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को मध्यस्थता की प्रक्रिया से परिचित कराना तथा विवादों के समाधान में संवाद, आपसी समझ और स्वैच्छिक सहमति के महत्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम में के. विनोद कुजूर, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग; प्रो. डॉ. संजय तिवारी, कुलपति, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, डॉ. अजय सिंह, प्राचार्य; डॉ. अनिल कुमार पांडेय, कुलसचिव; तथा अनीश दुबे, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, सुषमा लकड़ा, अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत, भूपेश कुमार बसंत, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, उमेश कुमार भागवतकर, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग, कामिनी जायसवाल, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, ऐश्वर्या दीवान, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी उपस्थित थे।



तारीख पर तारीख से सहमति आधारित न्याय तक

जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनीश दुबे ने अपने संबोधन की शुरुआत फिल्मी संवाद तारीख पर तारीख से करते हुए न्यायिक प्रक्रिया में होने वाले विलंब की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने न्यायालयों में लंबित मामलों की बड़ी संख्या और सीमित न्यायिक संसाधनों के कारण उत्पन्न चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय लोक अदालतें लंबित मामलों के निपटारे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा मध्यस्थता 3.0 भी विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम में मध्यस्थता की प्रक्रिया में मनोविज्ञान की भूमिका को भी प्रमुखता से रेखांकित किया गया। मानवीय व्यवहार, भावनाओं, संवाद और पारस्परिक संबंधों की समझ विवादों के मूल कारणों को पहचानने तथा रचनात्मक बातचीत को आगे बढ़ाने में सहायक होती है।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का उत्साहपूर्ण प्रदर्शन

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने समूह एवं व्यक्तिगत स्पर्धाओं के माध्यम से संवाद, बातचीत और सहमति निर्माण से संबंधित अपनी क्षमताओं का शानदार प्रदर्शन किया। समूह प्रतियोगिता प्रथम पुरस्कार ग्रुप 8 यामिनी बघेल, नीता साहू, आदित्य कु. चंद्रपक्षी एवं मृणाल डप। द्वितीय पुरस्कार ग्रुप 5 कंचना कोषा, करुणा जैन, संध्या ठाकुर एवं अंजलि वर्मा। तृतीय पुरस्कार ग्रुप 2 श्रेया साहू, गरिमा साहू, ओमकुमारी एवं ध्यसंत साहू। स्नातक स्तर की व्यक्तिगत प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मृणाल डप, द्वितीय पुरस्कार तोशी एवं तृतीय पुरस्कार श्लोक। स्नातकोत्तर स्तर की व्यक्तिगत प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार आशा, द्वितीय पुरस्कार अंजलि एवं तृतीय पुरस्कार नीतू शामिल है।

सहायक प्रोग्रामर और लेखापाल के पदों पर भर्ती के लिए आवेदन 30 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला पंचायत दुर्ग के अंतर्गत संचालित विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) योजना के तहत जनपद पंचायत स्तर हेतु सहायक प्रोगामर के 02 पद एवं लेखापाल के 02 पद हेतु विज्ञापन 14 अक्टूबर के द्वारा समाचार पत्रों के माध्यम से एवं जिला दुर्ग के वेबसाइट www.durg.gov.in के माध्यम से विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। विज्ञापन हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है। आवेदन स्पीड पोस्ट एवं रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से कार्यालय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दुर्ग में प्राप्त किया जाना है। पात्र-अपात्र की सूची स्कूटनी उपरांत विहित समयावधि में जारी की जाएगी। उसके उपरांत निर्धारित समयावधि में दावा आपत्ति हेतु प्रेस विज्ञप्ति पुनः जारी किया जाएगा। संपूर्ण भर्ती प्रकिया शासन के दिशा-निर्देश के आधार पर की जा रही है। इस विज्ञापन के भर्ती के संबंध में अपील है कि व्यर्थ प्रलोभन में न आयें।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले वीर्य स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना। आयुर्वेदिक द्वारा सफल स्थायी इलाज।
सभी प्रकार के गुप्त रोगों का इलाज किया जाता है।
निराश रोगी संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के पास धमतरी
मो. 91744-66336

खबर संक्षेप

बाजे-गाजे के साथ किया प्रतिमाओं का विसर्जन

डाही(धमतरी)। ग्राम पंचायत हंकारा के आश्रित गांव कसही में नौ दिनों की पूजा- आराधना के बाद पंडालों में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विदाई दी गई। वाहनों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं को बिठाकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जसगीत मंडलियां सेवा गीत गाते हुए चल रही थीं। गांव से लगे तालाब में भक्तों ने नम आंखों से माता को अंतिम विदाई दी।

चाकू लहराकर राहगीरों को डराने के आरोप में तीन गिरफ्तार

कुरूद। दशहरा पर्व से पहले कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कुरूद पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए चाकू लेकर लोगों को डराने के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन धारदार चाकू जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार चरमुड़िया अंडरब्रिज स्थित एनएच-30 से राखी निवासी ओंकार मंडावी (22) को पकड़ा गया। उस पर चाकू लहराकर राहगीरों को डराने का आरोप है। दूसरी कार्रवाई में कुरूद रोड स्थित सांधा चौक शराब भट्ठी के पास से बालोद जिले के गुरूर क्षेत्र के पेरपार निवासी सतीश कुमार पटेल (22) को चाकू के साथ पकड़ा गया। इसी तरह भरदा चौक से कुरूद थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन चरमुड़िया निवासी हर्ष यादव (18) को बटनदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक वह चाकू लहराकर लोगों को आतंकित कर रहा था। तीनों मामलों में पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत अलग-अलग अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है।

विजयादशमी पर पुलिस ने की अस्त्र-शस्त्र की पूजा-अर्चना

धमतरी। पुलिस ने विजयादशमी पर गौरवशाली परंपरा को निभाते हुए रक्षित केन्द्र सहित जिले के सभी थाना व चौकियों में अस्त्र-शस्त्र व शासकीय वाहनों की पूजा कर हर्ष फायर किया। विजयादशमी पर्व सत्य की असत्य पर तथा धर्म की अधर्म पर विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर अस्त्र-शस्त्र की पूजा-अर्चना की प्राचीन परंपरा रही है जिसका निर्वहन धमतरी पुलिस द्वारा प्रतिवर्ष श्रद्धा व सम्मान के साथ किया जाता है। 20 अक्टूबर विजयादशमी के अवसर पर एसपी भावना पांडेय ने रक्षित केन्द्र में पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की उपस्थिति में विधि- विधान से अस्त्र-शस्त्र एवं शासकीय वाहनों की पूजा अर्चना की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सहित अधिकारियों ने हर्ष फायर कर परंपरा का निर्वहन किया।

एसपी ने जिले के सभी पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जिलेवासियों को विजयादशमी की बधाई देते हुए सभी की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसी प्रकार जिले में सभी थाना व चौकियों में भी परम्परागत रूप से अस्त्र-शस्त्र एवं शासकीय वाहनों की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान एएसपी शैलेन्द्र पांडे, होमगार्ड कमांडेंट शोभा ठाकुर, रक्षित निरीक्षक विपुल आनंद जांगड़े, मुख्य लिपिक निरीक्षक लक्ष्मी ध्रुव, स्टेनो निरीक्षक अखिलेश शुक्ला, परि. सूबेदार एसटीओ सुल्तान हुसैन, एएसआई रामावतार राजपूत, लता राजपूत, राजश्री तुर्रे, भेजूराम वर्मा, शास्त्रागार प्रभारी रामबिलास मिश्रा, डिगेश शर्मा सहित पुलिस विभाग के अधिकारी- कर्मचारी मौजूद रहे।

रिक्छिन माता मगरलोड में आज भक्तों को देंगी दर्शन

मगरलोड। करेली छोटी में रिक्छिन माता विराजित हैं। वर्ष में एक दिन दशहरा पर्व पर माता अदृश्य रूप में डांग के पालों में विराजमान होकर दर्शन देती हैं। दशहरे के दूसरे दिन रिक्छिन माता का करेली छोटी से मगरलोड आगमन पुरानी परम्परा रही है। इस दिन ब्लॉक मुख्यालय के दर्जनों गांवों से हजारों महिला, पुरुष व बच्चों की भीड़ जुटती है। रिक्छिन माता को उनके भक्त बाजे-गाजे के साथ लाते हैं। आतिशबाजी होती है। मगरलोड के अखाड़ेबाज कलाकार तलवार चालन, लाठी चालन सहित हैरतअंगेज कला का प्रदर्शन कर माता की अगुवाई करते हैं। चंडी माता स्थल पर रिक्छिन माता आकर विश्राम करती हैं। अपने भाई - बहन से मिलने आती हैं।

अव्यवस्था : निजी सेंटरों में 1000 से 1500 रुपए खर्च करने को मजबूर मरीज

सोनोग्राफी जांच हफ्ते में सिर्फ दो दिन, निजी सेंटरों में पैसे लुटाने को मजबूर मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला अस्पताल की लचर स्वास्थ्य व्यवस्था:



जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता और मरीजों को समय पर जांच मिल पाने का मुद्दा एक बार फिर सवालों के घेरे में है। सोनोग्राफी जैसी महत्वपूर्ण जांच के लिए सप्ताह में केवल दो दिन की व्यवस्था होने की जानकारी सामने आई है।

इसका खामियाजा उन मरीजों को भुगतना पड़ रहा है, जो दूर–दराज के ग्रामीण क्षेत्रें से बेहतर उपचार की उम्मीद लेकर जिला अस्पताल पहुंचते हैं। जांच के लिए इंतजार करना या निजी सेंटर में जाकर पैसे खर्च करना, मरीजों के सामने यही विकल्प बचता नजर आ रहा है। मामला उस समय सामने आया जब बनगांव से जिला अस्पताल पहुंचे एक मरीज के परिजन ने अपनी आपबीती बताई। परिजन के अनुसार, मरीज को अस्पताल में ले जाया गया था, लेकिन सोनोग्राफी की जरूरत पड़ने पर अस्पताल में जांच नहीं हो सकी। पूछताछ के दौरान सप्ताह में केवल मंगलवार और शनिवार को सोनोग्राफी होने की जानकारी मिली। इसके बाद मरीज को बाहर निजी सेंटर में जांच करानी पड़ी, जहां सोनोग्राफी पर करीब 1000 रुपये तक खर्च करने पड़े। यह स्थिति उन मरीजों के लिए और भी परेशानी भरी है जो पहले ही बीमारी, दवाइयों और अस्पताल आने–जाने के खर्च से जूझ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रें से आने वाले मरीजों को अस्पताल पहुंचने में समय और पैसा दोनों खर्च करने पड़ते हैं। यदि जरूरत के समय जांच उपलब्ध नहीं हो पाती तो उन्हें अतिरिक्त खर्च उठाने के साथ उपचार की आगे की प्रक्रिया के लिए भी इंतजार करना पड़ सकता है।

इस मामले में जिला अस्पताल की सोनोग्राफी व्यवस्था और मरीजों को हो रही परेशानी पर आधिकारिक पक्ष जानने के लिए सिविल सर्जन डॉ. आरके. श्रीमाली से लगातार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया। ऐसे में सोनोग्राफी सीमित दिनों में संचालित होने के पीछे का वास्तविक कारण और मरीजों को राहत देने के लिए अस्पताल प्रबंधन की ओर से किए जा रहे प्रयास स्पष्ट नहीं हो सके। स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े ऐसे मामलों में अस्पताल प्रबंधन की जिम्मेदारी मरीजों को आवश्यक जांच समय पर उपलब्ध कराने और व्यवस्था में आ रही बाधाओं को दूर करने की दिशा में ठोस कदम उठाना भी जरूरी है। यह मामला व्यवस्था की समीक्षा की जरूरत को सामने लाता है।

सवाल यह है कि आखिर कब तक दूर–दराज से आने वाले मरीजों को सरकारी अस्पताल में आवश्यक जांच के लिए इंतजार करना पड़ेगा या निजी सेंटरों का रुख करना होगा।

दल्लीराजहरा-रावघाट रेल लाइन का कार्य पूरा

1,628 करोड़ की परियोजना से दूरस्थ क्षेत्रों को मिलेगी नई कनेक्टिविटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दल्लीराजहरा एवं रावघाट के मध्य 1,628 करोड़ की लागत से 95 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन का कार्य पूर्ण हो गया है। ताड़ोकी से रावघाट के बीच 17.5 किलोमीटर रेल लाइन का कार्य पूरा होने के साथ ही इस परियोजना का कार्य पूर्ण हुआ है।

रावघाट तक रेल संपर्क स्थापित होने से दूरस्थ क्षेत्रें के लोगों को रेल परिवहन की सुविधा मिलेगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और व्यापार के नए अवसरों तक उनकी पहुंच आसान होगी। इस रेल लाइन से क्षेत्र की औद्योगिक एवं आर्थिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। विशेष रूप से रावघाट क्षेत्र के लौह अयस्क के परिवहन तथा भिलाई इस्पात संयंत्र सहित देश के इस्पात उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने में रेल संपर्क महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, नई यात्री रेल सेवाओं से विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों, किसानों तथा अन्य यात्रियों को लाभ मिलेगा।

राजधानी रायपुर तक आवागमन सुगम होने से शिक्षा, चिकित्सा, व्यापार एवं पर्यटन के क्षेत्र में नए अवसर विकसित होंगे। साथ ही, किसानों को अपनी कृषि उपज बड़े बाजारों तक पहुँचाने के लिए परिवहन का एक बेहतर विकल्प मिलेगा। इन सेवाओं से दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रें को राजधानी से जोड़ने तथा क्षेत्रीय सामाजिक–आर्थिक विकास को गति देने में मदद मिलेगी।

ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता स्कूली बच्चों को मिलेगा प्रतिभा दिखाने का मौका

हरिभूमि न्यूज:बालोद

स्कूली छात्र–छात्राओं को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विद्युत मंत्रलय, भारत सरकार द्वारा ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के माध्यम से एवं केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के सहयोग से नेशनल पेंटिंग काम्पिटीशन ऑन एनर्जी कंसर्वेशन–2026 का आयोजन किया जा रहा है।

क्रेडा विभाग के सहायक अभियंता ने बताया कि इस वर्ष प्रतियोगिता का मुख्य विषय 'एनर्जी कसंर्वेशन फॉर एनर्जी सिक्यूरिटी' रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में कक्षा 05वीं से 07वीं तक के छात्र–छात्राएं ग्रुप–ए और कक्षा 08वीं से 10वीं तक के छात्र–छात्राएं 'ग्रुप–बी' के अंतर्गत सम्मिलकते हैं। स्कूलों के माध्यम से चयनित प्रत्येक ग्रुप के प्रथम–दो चित्रकला फोटोग्राफ्स को स्कूल के नाम सहित विवरण आगामी 31 अक्टूबर से पूर्व संबंधित नोडल अधिकारी के पास जमा किए जा सकते हैं।

जिसके लिए पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड सबस्टेशन कुम्हारी के वरिष्ठ महाप्रबंधक आर.पी. साहू को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा अन्य किसी भी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी के लिए जिला ऊर्जा संरक्षण प्रभारी व क्रेडा बालोद के उप अभियंता खुबलाल साहू से संपर्क कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि स्कूल स्तर से चयनित प्रथम 02 विजेताओं में से प्रत्येक ग्रुप ए एवं बी से 50–50 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। राज्य स्तर पर यह ऑन–द–स्पॉट प्रतियोगिता 14 नवंबर से 21 नवंबर तक (02 घंटे की अवधि में) आयोजित होगी। जिसमें प्रथम पुरस्कार 50,000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 30,000 रुपए, तृतीय पुरस्कार 20,000 रुपए तथा 10 प्रतिभागियों को 7,500 रुपए (प्रत्येक को) का प्रशंसा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

राज्य स्तर पर प्रत्येक राज्य से चयनित प्रथम 03 विजेता 11 दिसंबर 2026 को नई दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम विजेता को एक लाख रुपए, लैपटॉप व गोल्ड मेडल, द्वितीय विजेता को 50 हजार रुपए, लैपटॉप व सिल्वर मेडल एवं तृतीय विजेता को 30 हजार रुपए, लैपटॉप व ब्रॉन्ज मेडल तथा 10 प्रशंसा पुरस्कार के रूप में 15,000 रुपए, नगद व टैबलेट से पुरस्कृत किया जाएगा।

कृषक उन्नति योजना: धान के बदले खरीफ फसल उगाने पर मिलेंगे 15 हजार रुपए प्रति एकड़

बालोद। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के किसानों की आय बढ़ाने और फसल विविधीकरण (अन्य फसलों की खेती) को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'कृषक उन्नति योजना' के तहत आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। यदि किसान इस सरकारी योजना का लाभ उठाना चाहते हैं, तो 31 अक्टूबर तक अपना पंजीकरण करा सकते है। धान के स्थान पर अन्य फसल लेने पर खरीफ वर्ष 2026 में धान के स्थान पर कोई अन्य खरीफ फसल लगाते हैं, तो उन किसान को 15,000 रुपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि दी जाएगी। जो किसान पहले से ही दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी और कपास की खेती कर रहे हैं, उन्हें 10,000 रुपए प्रति एकड़ सहायता राशि प्रदान की जाएगी। किसानों को इस योजना की सहायता राशि सीधे बैंक खाते में डी.बी.टी. के माध्यम से भेजी जाएगी। पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर है, सभी किसान अपने क्षेत्र की निकटतम सेवा सहकारी समिति के माध्यम से एकीकृत किसान पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। कृषि विभाग द्वारा जिले के सभी कृषकों से अपील की गई है कि वे बिना देर किए, 31 अक्टूबर से पहले अपनी सेवा सहकारी समिति में जाकर अनिवार्य रूप से पंजीयन कराएं और योजना का पूरा लाभ उठाएं।

- 31 अक्टूबर तक पंजीयन कराने का मौका, किसानों से कृषि विभाग ने की अपील

गायत्री प्रज्ञा पीठ में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ संपन्न हुई पूर्णाहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी के पावन अवसर पर एवं शारदीय नवरात्रि में पूर्णाहुति किया गया। इसी क्रम में बालोद जिला के गुरुर ब्लॉक के हीरक मंडल मोहारा के अंतर्गत गायत्री प्रज्ञा पीठ मोहारा में पूर्णाहुति की कार्यक्रम पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के माध्यम से किया गया। यज्ञ का संचालनकर्ता यज्ञाचार्य भूषण सार्वा, संतोष साहू, पंचूराम निर्मलकर एवं जगलू राम साहू थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ गोपाल साहू, अनुसूईया साहू, डॉ डी एल गंजीर, उषा गंजीर, डॉ हरिकृष्ण गंजीर, रेणुका गंजीर, धनाराम साहू, द्रोपती साहू, सालिक राम साहू, तोरण साहू थे। सुखीत राम नायक के द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार की गतिविधियों को उनके निर्देश के अनुसार करने के लिए कहा गया और युवाओं को जोड़ने का काम करने के लिए कहा। संस्कार के क्रम में मुंडन संस्कार तीन बच्चों का किया गया। इस अवसर पर चोवा राम धनकर, शंकर लाल साहू, डॉ पवन गंजीर, भूपेश साहू ,दानवीर नायक, दीपक कुमार साहू, चोवा राम धनकर, देवन्द्र सिन्हा, पोषण सार्वा, अजीत राम गंजीर, जावेद कुमार गंजीर, वरुण कुमार साहू, ओम प्रकाश साहू, राजकुमारी गंजीर, सोनिया साहू, बिसन्तिन साहू, नीलीमा साहू, हेम बाई सिन्हा, सरोज सिन्हा, जानू गंजीर, सविता साहू, डामेश्वरी साहू, जामून साहू एवं गायत्री प्रज्ञा पीठ के सदस्य युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ के सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

36 वर्षों से लोकसंस्कृति को सहेज रही समिति, लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों ने बिखेरी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की छटा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नवरात्रि के दौरान नवदुर्गा उत्सव समिति बाजार चौक तमोरा द्वारा विविध आयोजन किया गया। इस दौरान समिति ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा, कला को संजोने का कार्य किया। समिति के सहयोग से रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोक कलाकारो के माध्यम ने सांस्कृतिक प्रस्तुती दी। छत्तीसगढ़ की पारंपरिक वेशभूशा, कला, लोक नृत्यो की प्रस्तुती से वर्तमान पीढ़ी को छत्तीसगढ़ की संस्कृति से अवगत कराया। बीते 36 सालो से समिति के सदस्य छत्तीसगढ़ की परंपरा लोककला को सहेजने, संवारने का कार्य कर रहे है। वर्तमान में समिति में दूसरी पीढ़ी इस कार्य को कर रही है एवं तीसरी पीढ़ी को इससे जोड़ने का कार्य कर रही है। इस दौरान समिति अध्यक्ष परदेशी साहू, कोशाध्यक्ष बलराम यादव, हीरालाल साहू, मुकेश यादव, निवेश यादव, सुर्यकान्त, कन्हैया साहू, श्याम लाल गंजीर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे है। कार्यक्रम में ग्रामीणो का सहयोग है। पण्डा के रूप में देवचरण एवं नंदकुमार सेवा दे रहे है। लोककला महोत्सव में मुख्य अतिथि पुर्व सरपंच अजय निशाद थे। अध्यक्षता युगत किशोर ने किया। अतिथि सरपंच निपानी दिलीप डहरे, सरपंच तमोरा दिनानाथ यादव, कौशल साहू, मोहन साहू, लखन साहू, संतराम साहू उपस्थित थे।

बैरिकेड व्यवस्थित कराने उतरे नगर पंचायत उपाध्यक्ष

वाहनों की आवाजाही सुचारू बनाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और सड़क पर आवागमन व्यवस्थित करने के उद्देश्य से धमतरी चौक के पास सोमवार सुबह नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर ने अपने साथियों के साथ मिलकर बैरिकेड को निर्धारित स्थान पर व्यवस्थित कराया। इससे चौक पर वाहनों की आवाजाही सुचारू रखने और यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने की पहल की गई।

नगर के प्रमुख चौक–चौराहों पर सुबह के समय वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में बैरिकेड को उचित स्थान पर रखना जरूरी है, ताकि वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी न हो और यातायात व्यवस्था बाधित न हो। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत उपाध्यक्ष और उनके साथियों ने सुबह मौके पर पहुंचकर बैरिकेड को व्यवस्थित कराया। नगर में यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन के साथ नागरिकों का सहयोग भी महत्वपूर्ण है। सड़क पर वाहनों की आवाजाही व्यवस्थित रहे, इसके लिए बैरिकेड का सही स्थान पर होना और यातायात नियमों का पालन करना आवश्यक है।

सीताफल की भरपूर आवक, वनांचल की महिलाओं के लिए बना कमाई का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



नगर में इन दिनों मौसमी फल सीताफल की भरपूर आवक देखने को मिल रही है। वनांचल क्षेत्रों से महिलाएं सीताफल एकत्रित कर डौंडीलोहारा नगर पहुंच रही हैं और बाजार में बेचकर अपनी आजीविका चला रही हैं। जंगलों में प्राकृतिक रूप से मिलने वाला सीताफल इन महिलाओं के लिए आय का एक महत्वपूर्ण साधन बन गया है। इससे उन्हें घरेलू खर्च में सहयोग मिल रहा है, वहीं स्थानीय बाजार में भी मौसमी फल की रौनक बढ़ गई है।

धान कटाई का काम अभी पूरी तरह गति नहीं पकड़ पाया है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में खेती-किसानी से जुड़ी व्यस्तता अपेक्षाकृत कम है। इस दौरान वनांचल की महिलाएं जंगलों से सीताफल एकत्रित कर उसे बाजार तक पहुंचाने में जुटी हैं। सुबह से ही महिलाएं टोकरी में सीताफल लेकर नगर के विभिन्न स्थानों पर बैठ जाती हैं। राह चलते लोग भी ताजा और स्वादिष्ट सीताफल खरीदने के लिए रुक रहे हैं। इससे महिलाओं को अपनी मेहनत के बदले कुछ नकद आमदनी प्राप्त हो रही है।

गुणवत्ता और आकार के हिसाब से सीताफल की कीमत 100 रुपये प्रति टोकरी से लेकर 200 रुपये तक है। अच्छी गुणवत्ता वाले सीताफल की मांग भी बनी हुई है। स्थानीय लोगों को जहां आसानी से मौसमी फल उपलब्ध हो रहा है, वहीं वनांचल की महिलाओं को अपनी उपज बेचने के लिए बाजार मिल रहा है। सीताफल की यह मौसमी आवक ग्रामीण अर्थव्यवस्था में छोटे लेकिन महत्वपूर्ण योगदान का उदाहरण है। जंगलों से मिलने वाले प्राकृतिक उत्पादों के सहारे महिलाएं अपनी आय बढ़ाने का प्रयास कर रही हैं। खेती-किसानी के व्यस्त मौसम से पहले सीताफल की बिक्री उनके लिए अतिरिक्त कमाई का अवसर लेकर आई है। डौंडीलोहारा नगर में सीताफल की बढ़ती आवक से बाजार में रौनक है। वनांचल की महिलाओं के लिए यह केवल मौसमी फल की बिक्री नहीं, बल्कि मेहनत के दम पर परिवार की जरूरतों को पूरा करने का एक बेहतर सहारा भी बन रहा है।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

धर्मपुरा में कवि सम्मेलन कवियों ने हास्य-व्यंग्य से बांधा समां

दुर्ग। धमधा तहसील के ग्राम धर्मपुरा में साहूपारा धर्मपुरा दुर्गोत्सव समिति द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। तीन घंटे तक चले इस आयोजन में कवियों ने हास्य-व्यंग्य, ददरिया और शायरी के माध्यम से श्रोताओं को खूब आनंदित किया। कविताओं के जरिए सामाजिक कुरीतियों, सरकारी भ्रष्टाचार, भाईचारे, देशप्रेम और मानवता का संदेश भी दिया गया। कवि सम्मेलन की शुरुआत निकुम के कवि प्यारेलाल देशमुख ने की। इसके बाद दुर्ग के डॉ. संजय दानी ने हास्य-व्यंग्य के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार किया। धमधा के कवि रामदेव शर्मा ने पत्नी पीड़ित पति की व्यथा को रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया। भिलाई के वरिष्ठ कवि रवि श्रीवास्तव ने सरकारी भ्रष्टाचार पर व्यंग्य किया, वहीं कवि बलराम चंद्राकर ने ददरिया की प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

विश्व मैत्री दिवस पर वरिष्ठजनों और उपवासकर्ताओं को किया सम्मानित

भिलाई। जैन मिलन जैन ट्रस्ट द्वारा आयोजित विश्व मैत्री दिवस समारोह आपसी सद्भाव, शांति और मैत्री भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर जैन समाज की धरोहर वरिष्ठजनों और धार्मिक उपवास करने वाले साधकों का सम्मान कर उनके योगदान और समर्पण का अभिनंदन किया गया। समारोह में शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। वर्ष 2021 से महिला क्रिकेट के क्षेत्र में सक्रिय छत्तीसगढ़ जैन समाज की प्रथम महिला क्रिकेटर अरुणा जैन को जैन समाज में महिला क्रिकेट को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। उनके सम्मान को समाज में महिलाओं की खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने और नई पीढ़ी को खेलों के प्रति प्रेरित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा गया। शिक्षा के क्षेत्र में पीएचडी करने के लिए डॉ. राहुल जैन को सम्मानित किया गया।

विधायक रिकेश ने की 101 कन्याओं की पूजा

भिलाई। नवरात्रि की नवमी के पावन अवसर पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने लोकांगन परिसर में मां नवदुर्गा के नौ स्वरूपों के सानिध्य में सपत्नीक 101 नवजात कन्याओं का पूजन किया। इस दौरान परिसर में उपस्थित सैकड़ों कन्याओं को भोजन कराया गया। पूजन के पश्चात सभी 101 नवजात कन्याओं की माताओं को 11-11 हजार रुपये मूल्य की मां शिशु सुरक्षा किट भेंट की गई। किट में नवजात शिशु और उसकी माता के लिए कपड़े, कंबल, बेबी किट सहित अनेक आवश्यक सामग्री शामिल है। विधायक की इस पहल ने कन्या पूजन की परंपरा को बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और बेहतर भविष्य की जिम्मेदारी से जोड़ने का संदेश दिया। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में 1 मई 2026 से जन्म लेने वाली प्रत्येक कन्या को मां शिशु सुरक्षा किट प्रदान की जा रही है। इस अभियान के तहत अब तक 300 से अधिक कन्याओं का पंजीयन हो चुका है।

पर्व : सेवा और समर्पण के साथ श्रद्धालुओं ने मांगी क्षेत्र की सुख-समृद्धि

मां गंगा मैया मंदिर में 973 कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर कराया गया कन्या भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल झलमला स्थित मां गंगा मैया मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और सेवा भावना के साथ कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 973 कन्याओं ने एक साथ भोजन ग्रहण किया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। मां के दरबार में सुबह से ही भक्तों की आवाजाही बनी रही और पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया। कन्या भोज के दौरान कन्याओं को सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया।

- स्टील की थाली और गिलास भेंट

आयोजन में कन्याओं को भोजन कराने के साथ ही उन्हें स्टील की थाली और स्टील का गिलास भेंट किया गया। धार्मिक परंपरा के अनुरूप कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनकी पूजा–अर्चना की गई तथा उनका आशीर्वाद लिया। कन्या भोज के दौरान सेवाभावी लोगों ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया और कन्याओं को भोजन कराने से लेकर उन्हें भेंट सामग्री प्रदान करने तक अपनी सहभागिता निभाई। आयोजन में शामिल लोगों ने मां गंगा मैया से क्षेत्र की सुख–समृद्धि, खुशहाली और सभी के कल्याण की कामना की। धार्मिक आयोजनों में कन्या भोज को विशेष पुण्यदायी परंपरा माना जाता है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से श्रद्धालु कन्याओं में देवी का स्वरूप देखते हुए उनकी पूजा–अर्चना करते हैं और सेवा भाव के साथ भोजन कराते हैं। झलमला के प्रसिद्ध मां गंगा मैया मंदिर में आयोजित इस कन्या भोज में भी श्रद्धा, समर्पण और सेवा की भावना देखने को मिली।

नवरात्रि में धरमपुरा के बच्चों ने धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन





बालोद। नवरात्रि पर रानी माई मंदिर नर्रा 12 गांव पठार वाली दरबार में शासकीय उच्च प्राथमिक शाला धरमपुरा बालोद के बच्चों ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं और दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों ने संपूर्ण हनुमान चालीसा पाठ, आरती तथा छग की समृद्ध लोक संस्कृति पर आधारित लोकगीत और लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नवरात्रि के दौरान विद्यालय के समीप स्थित ग्राम जगतरा के दुर्गा मैया पंडाल में भी विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी लोकगीतों और लोकनृत्यों की आकर्षक प्रस्तुति दी। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने छग की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जन–जन तक पहुंचाने का संदेश दिया।

विद्यालय के प्रधान पाठक पीआर. धनंजय के नेतृत्व तथा सहायक शिक्षिका नीता साहू के मार्गदर्शन में बच्चे नियमित रूप से लोकगीतों का अभ्यास कर अपनी प्रतिभा को निखार रहे हैं। इस सांस्कृतिक पहल में शिक्षक रूपेंद्र कुमार ठाकुर, पुरुषोत्तम सिंह राजपूत एवं डोमेन्द्र कुमार साहू का महत्वपूर्ण योगदान है। मंच संचालन सुरेश कुमार साहू ने किया। संकुल शैक्षिक समन्वयक लालरघुवीर सिंह ठाकुर का भी इस आयोजन में विशेष सहयोग रहा।

बच्चों की इन प्रस्तुतियों से न केवल रानी माई दरबार और दुर्गा मैया पंडाल की रौनक बढ़ रही है, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, सामूहिकता और अपनी संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना भी विकसित हो रही है। बच्चों को मंच प्रदान करना, उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें छग की लोक परंपराओं से परिचित कराना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों के सवांर्गीण विकास के साथ–साथ लोक संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

रेंगाडबरी में आज दुर्गा मूर्ति का विसर्जन और दशहरा पर्व

डौण्डीलोहारा। वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में बुधवार को मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन एवं दशहरा पर्व धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर गांव में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। दुर्गा विसर्जन, रावण दहन, रामलीला और छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी के आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। दुर्गा समिति के सदस्यों ने बताया कि मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार किया जाएगा। इस दौरान विसर्जन जुलूस निकाला जाएगा, जिसमें महिला, पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल होंगे। ग्रामीण पूरे मोहल्ले में सेवा गीत गाते हुए भक्तिभाव के साथ मां दुर्गा को विदाई देंगे। इसके पश्चात सोमानायक तालाब में प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। दशहरा पर्व के अवसर पर शाम को रामलीला का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक स्वरूप रावण दहन किया जाएगा। वहीं, पर्व के उपलक्ष्य में रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत ग्राम भकुर्रा की छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।



देवरीबंगला में 24 को मनेगा दशहरा उत्सव

डौण्डीलोहारा। ग्राम देवरीबंगला में 24 अक्टूबर को दशहरा उत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर रामलीला मंचन, रावण वध और आकर्षक चल-अचल झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं, रात्रि 10 बजे छत्तीसगढ़ी लोक पारंपरिक संस्था की ओर से दुष्यंत हरमुख एवं रिकी देवांगन कृत 'रंग झरोखा' की विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख करेंगे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में समाजसेवी रामशिरोमणि तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष हरिश कटहरे, जिला महामंत्री सौरभ लुनिया, जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के अध्यक्ष कांति प्रकाश सोनबरसा, जिला पंचायत सदस्य प्रभाराम नायक, जनपद सदस्य टूमन साहू, नरेश सोनी, दुलारी देवांगन, चित्ररेखा साहू, देवरी मंडल अध्यक्ष विवेक वैष्णव, महामंत्री राधेश्याम देवांगन तथा सरपंच डोमेन्द्र मंडावी उपस्थित रहेंगे।

- रामलीला मंचन, रावण वध और चल-अचल झांकियां रहेंगी आकर्षण

जंजगिरी में कविताओं से सजा मां का दरबार

अंडा। नवयुवक सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति, बाजार पारा जंजगिरी के अध्यक्ष दुर्गेश निषाद ने बताया कि शारदीय नवरात्रि ,और डॉ लोकनाथ देशमुख के सुपुत्र दुर्लभ देशमुख के प्रथम जन्मदिवस के अवसर पर भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय कविता मन की आवाज है, शब्दों से सजता है समाज रखा गया है।

कवि सम्मेलन में दुर्ग संभाग के ख्याति प्राप्त कवियों ने अपनी प्रस्तुति दी। इनमें डॉ. संजय दानी दुर्ग ने युवाओं के पाश्चात्य सभ्यता की ओर बढ़ते कदम पर व्यंग किया तो कैलाश साहू कुंवारा बम्हनी,ने प्रेम की प्रतिमूर्ति मां



जगत जननी को अपनी कविता समर्पित किया। गजपति राम साहू कोड़ेवा सिकोसा ने छग के देवार गीत में आमा अमली के बिहाव, और हास्य व्यंग से लोगो का दिल जीत लिया, योगेश छत्तीसगढ़िया अर्जुनी, अपनी रचनाओं में हास्य व्यंग से दर्शक दीर्घा को सराबोर कर दिया, शिवा देशमुख भेड़ी जी ने समाज में फैले कुरीतियों पर प्रहार करते हुए गीत प्रस्तुत किया। प्यारे लाल देशमुख निकुम ने हास्य व्यंग गीतों से शमा बांधा वही, दिनेश्वर चंद्राकर विनायकपुर एवं चंद्रिका प्रसाद देशमुख जंजगिरी ने वीर रस की कविताओं से समाज को संदेश देते हुए कविताओं से कवि सम्मेलन को गति प्रदान की।

दुर्गा उत्सव समिति ने सभी अतिथि कवियों सहित भवतारिणी मानस परिवार प्रमुख चंद्रिका देवदास, पूजा मानस परिवार प्रमुख कोमल सिंह हिरवानी, हीरामन देशमुख, आनंद देशमुख सहित सभी सहयोगी साथियों का आभार व्यक्त किया।

छात्र-छात्राओं ने देवी दर्शन कर मांगा आशीर्वाद



बालोद। शारदेय नवरात्र के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोबा के छात्र–छात्राओं एवं शिक्षक स्टाफ ने देवी दर्शन कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने माता रानी के चरणों में शीश झुकाकर पूजा–अर्चना की तथा जसगीत गाकर भक्तिमय वातावरण बनाया। नवरात्र के इस धार्मिक आयोजन से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में श्रद्धा, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।

दुर्गा अष्टमी पर नौ कन्या भोज का आयोजन



बालोद। ग्राम मुढ़िया में नवरत्न दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा दुर्गा अष्टमी के अवसर पर हवन पूजन करने के बाद नौ कन्या भोजन का आयोजन किया गया। जहां ग्राम के छोटी बच्चीयो को नौ कन्या के रूप में पूजा अर्चना कर भोज खिलाकर उन्हे माता श्रृंगार सामान के साथ उपहार प्रदान किया गया। इस अवसर पर समिति के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

ठेकवाडीह में धूमधाम से हुआ दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन



गुरूर। ग्राम ठेकवाडीह में शारदीय नवरात्रि के समापन पर दुर्गा उत्सव समिति एवं ग्राम वासियों के संयुक्त तत्वाधान में मां दुर्गा के प्रतिमा का शोभायात्र निकालकर विसर्जन किया गया। 9 दिनों तक पूजा अर्चना के बाद डांग डोरी देवी देवताओं के साथ बाजे गाजे के साथ विसर्जन शोभायात्र निकाली गई, जहां देवी देवता नाचते झूमते सबुरी नहाए। गांव के सेवा भजन मंडली एवं महिला सेवा भजन मंडली द्वारा भजन कीर्तन किया गया। मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ शोभायात्र गांव के प्रमुख चौक चौराहा से होते हुए ढोल नगाड़ों की धुन पर जय माता दी की जय कारो के साथ गांव गूंज उठा। ग्रामीणों ने जगह जगह मां दुर्गा की पूजा अर्चना की। विसर्जन के पहले मां दुर्गा की पूजा के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

नगर में निकाली गई दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन यात्रा



जामगांव आर। नवरात्रि के अवसर पर नौ दिन तक मां दुर्गा के भक्ति में लीन रहने के बाद मंगलवार को मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन यात्रा नगर की गलियों में निकाली गई। भक्तों ने घर के सामने मां दुर्गा की शोभायात्र पहुंचते ही श्रीफल, धूप दीप कर प्रणाम कर विदाई दिए। विसर्जन यात्र गाजे–बाजे पूर्ण भक्ति भाव के साथ महिला, पुरुष बच्चों से भरपूर भीड़ में सेवागीत के साथ रथ चलती रही।

कापसी में निकली संतोषी माता की जोत विसर्जन यात्रा



डौंडीलोहारा। ग्राम कापसी स्थित संतोषी मंदिर में विराजित पवित्र जोत का सोमवार को विधि-विधान और भक्तिभाव के साथ विसर्जन किया गया। इस अवसर पर पूरे गांव में श्रद्धा, आस्था और उल्लास का माहौल रहा। जोत विसर्जन से पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा जोत को पूरे ग्राम में भ्रमण कराया गया। इस दौरान गांव के लोगों ने श्रद्धापूर्वक माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। ग्राम भ्रमण के दौरान जगह-जगह महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ जोत का स्वागत किया। जोत के गुजरने के मार्ग पर महिलाएं पानी से पखारने की रस्म निभाती हैं। ग्राम कापसी स्थित संतोषी मंदिर के निर्माणकर्ता गोपी साहू एवं दयालू साहू द्वारा प्रतिवर्ष श्रद्धा और समर्पण के साथ जोत से जुड़े धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जोत विसर्जन के अवसर पर शाम को समस्त ग्रामवासियों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया।

मन को धर्म में लगाएं तभी मोक्ष के मार्ग पर बढ़ेंगे कदम

मन में भेदभाव न रखें, सच्चा सुख भीतर निहित है: पंडित राजेश तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर ग्राम केवट नवागांव के शीतलागंप प्रांगण में संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत कथा एवं जगदंबा यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा के दौरान प्रवचनकर्ता पंडित राजेश तिवारी, साजा ने देवी भागवत के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, ज्ञान, सदाचार और आदर्श जीवन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को प्राप्त समय, धन और सामर्थ्य अमूल्य हैं।

इनका उपयोग बुरे विचारों, भोग-विलास और व्यर्थ के कार्यों में करने के बजाय धर्म, परोपकार और आत्मकल्याण के लिए करना चाहिए। मन को धर्म में लगाने से ही मनुष्य मोक्ष के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। पंडित तिवारी ने कहा कि प्रत्येक जीव सुख की कामना करता है, कोई भी दुख नहीं चाहता। सच्चा सुख बाहरी वस्तुओं में नहीं, बल्कि मनुष्य के अपने भीतर निहित है। निर्मल मन, अच्छे विचार और सद्भावपूर्ण व्यवहार से ही जीवन में वास्तविक सुख की अनुभूति होती है। उन्होंने सामाजिक जीवन में आपसी प्रेम और एकता का महत्व बताते हुए कहा कि विचारों में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन मन में भेदभाव नहीं होना चाहिए। किसी विषय पर अलग-अलग विचार होने के बावजूद आपसी प्रेम, सम्मान, सद्भावना और एकता बनाए रखना आवश्यक है। मनुष्य को अपने आचरण में विनम्रता अपनाते हुए दूसरों के प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिए।



प्रेम, दया और भक्ति से प्रसन्न होती हैं माता लक्ष्मी

कथा के दौरान रविवार को अष्टमी पूजन एवं तुलसीदास की महिमा का वर्णन करते हुए पंडित राजेश तिवारी ने माता लक्ष्मी के विभिन्न स्वरूपों और उनकी महिमा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्मी का विशेष महत्व है और प्रत्येक व्यक्ति धन-संपन्नता की कामना करता है, लेकिन माता लक्ष्मी चंचल स्वभाव की मानी जाती हैं। वे वहीं स्थिर होती हैं, जहां प्रेम, दया, ज्ञान, सम्मान, दान, तप और भक्ति का वातावरण होता है। इसलिए मनुष्य को केवल धन अर्जित करने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए, बल्कि अपने जीवन में सद्गुणों को भी स्थान देना चाहिए। उन्होंने देवी के अनेक अवतारों का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म के मार्ग पर चलने, सदाचार अपनाने और अच्छे कर्म करने की प्रेरणा दी।

प्रवचन के दौरान देवी महिमा और धार्मिक प्रसंगों से श्रद्धालु भावविभोर हुए। ग्राम केवट नवागांव में आयोजित संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत कथा एवं जगदंबा यज्ञ में श्रद्धालु धार्मिक उत्साह के साथ शामिल हो रहे हैं। यज्ञ के प्रमुख यजमान भुवन-देवकी निषाद एवं शोभित-किनेश्वरी निषाद हैं। धार्मिक आयोजन से गांव में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

पारंपरिक गुजराती परिधानों में विद्यार्थियों ने किया गरबा

दुर्ग। भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के प्रांगण में नवरात्रि के अवसर पर गरबा उत्सव के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक गुजराती परिधानों में गरबा और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुशील चंद्राकर एवं संयुक्त प्रबंध निदेशक शालिनी चंद्राकर अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों में हमारी संस्कृति के प्रति सम्मान और एकता की भावना विकसित करते हैं।

